दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 15 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी ने आज संयुक्त रूप से गया जिले के खिजरसराय में प्रौद्योगिकी केंद्र की आधारशिला रखी। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, राज्य सरकार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा, संतोष कुमार सुमन और श्रेयसी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। एक सौ सत्तर करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रौद्योगिकी केंद्र से प्रति वर्ष लगभग सात हजार युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जायेगा। यह केन्द्र सामान्य इंजीनियरिंग, भारी इंजीनियरिंग और टेक्सटाइल परीक्षण केन्द्रों पर केन्द्रित होगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज प्रदेश में मत्स्य व्यापार को बढ़ावा देने से जुड़ी दो महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री पटना के मीठापुर स्थित मत्स्य विकास भवन में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड–एनएफडीबी के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यालय से प्रदेश में मत्स्य उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र को नई रफ्तार मिलेगी। वहीं, मुख्यमंत्री आज ही भोजपुर जिले के वाणासुर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क का शिलान्यास करेंगे। इस पार्क में प्रदेश की नवीनतम मत्स्य पालन तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।

———————————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आज से अभियान बसेरा के दूसरे चरण की शुरूआत की है। इक्कीस जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के भूमिहीन परिवारों तक वास भूमि का अधिकार पहुंचाना और भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र निर्गत करना है। इसके तहत योग्य श्रेणी के उन वंचित सर्वेक्षित परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण पत्र दिये जायेंगे, जिन्हें अभी तक यह प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं

हुआ है। साथ ही सरकारी भूमि जैसे– गैरमजरूआ खास और आम भूमि पर बसे पात्र परिवारों की जांच कर उन्हें भी योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

——————————————————————————

राज्य सरकार की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी प्रखंडों में सोलह, सत्रह और अठारह जून को प्रखंड सहयोग–सह–जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, पंजीकरण, सत्यापन, ई–केवाईसी तथा लाभ वितरण की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक योजना के लिए अलग काउंटर बनाए जाएंगे तथा संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर शिविर में पहुंचें, ताकि योजनाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त किया जा सके।

——————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय के सात न्यायाधीशों को आज शपथ दिलाई गई। पटना उच्च न्यायालय के शताब्दी हॉल में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश मीनाक्षी मदन राय ने सभी नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायामूर्ति रंजन कुमार झा, न्यायामूर्ति कुमार मनीष और न्यायामूर्ति राज कुमार ने स्थायी न्यायाधीश के रूप में जबकि न्यायामूर्ति राणा विक्रम सिंह, विकास कुमार, गिरिजेश कुमार और आलोक कुमार को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप मे शपथ दिलाई गई। सात न्यायाधीशों की नियुक्ति के बाद पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर चौवालीस हो गई है।

——————————————————————————

मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तर–पूर्वी, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

राजधानी पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र अंतर्गत लहुरबारी बहुअरा स्थित एक आभूषण दुकान से अपराधियों ने हथियार के बल पर पच्चीस लाख रुपय मूल्य के जेवरात लूट लिये।

---

शिवहर जिले के तरियानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक युवक को देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक बच्चे की डूब कर मौत हो गई।

---

समाप्त